BANARAS HINDU UNIVERSITY
VARANASI - 221 005 (INDIA)
OFF (0542) 316938
RES (0542) 316339
TELEX 545 304 BHU IN
FAX (91) 0542 316946/(91) 0542 317074
E-MAIL hgautam @ banaras. ernet. in
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

Dr Hari Gautam
MS FRCS (EDIN) FRCS (ENG) FAMS
FACS FICS FIACS D Sc (HON CAUSA)
VICE-CHANCELLOR
डा० हरि गौतम – कुलपति

VC/ 545

SPEED POST

July 4, 1997

Prof Manju Jyotsna
Department of Hindi
Ranchi University
Ranchi - 834 008

Dear Prof Jyotsna

It is *indeed* our *privilege* and *honour* to welcome you as an esteemed member of the UGC Visiting team to Banaras Hindu University . I am glad that you are staying with us for seven days i.e. from July 14 to 20, 1997. This shall give us an opportunity to provide you and your team with all the details about the achievements, activities and the proposed demands for the *Ninth Five Year Plan* in different sections, sectors, departments, faculties, institutes and other areas. The Banaras Hindu University is the *largest* residential University in Asia and has its own dimension in almost every area which is quite different from other Universities in comparison.

We have planned to present before you and the team the *salient* features of each Institute, Faculty, College, Department and different sectors using *projection slides*. This shall be supplemented by the documentation materials to be made available for you to know the greater details and also your visits to different departments and other areas to appreciate and critically assess the submitted proposals.

We shall make your stay most comfortable with the best look after at our command. I shall appreciate if you would please let me *immediately* know your itinerary. We shall receive you at the airport or railway station as the case may be. May I request you to be here on *July 13* or in the early hours of July 14 either by train or by air. Kindly inform us your travel schedule either on phone - 0542-316339 to *Shri B K Mohapatra,* Dy Registrar & Secretary to Vice-Chancellor or by *Fax* - 0542-316946.

With Regards

Yours Sincerely

H-Gautam

HARI GAUTAM
MS FRCS (Edin) FRCS (Eng) FAMS
FACS FICS FIACS DSc(Hon Causa)
VICE-CHANCELLOR

No.F. 30-6/98 (SA-III)

तार : यूनिग्रांट टेलेक्स : 31-65913
GRAMS : UNIGRANTS Telex : 31-65913
Fax No. : 011-4675423

विश्वविधालय अनुदान आयोग
(सलैक्शन एंव एवार्ड ब्यूरो)
साउथ कैंपस : दिल्ली यूनिवर्सिटी,
बेनीटो जुयारेज मार्ग, नई दिल्ली -110 021

UNIVERSITY GRANTS COMMISSION
(SELECTION & AWARD BUREAU)
SOUTH CAMPUS : DELHI UNIVERSITY
BENITO JUAREZ MARG, NEW DELHI - 110 021.

The Registrar/Principal
Ranchi University,
Ranchi (Bihar)

Sub: UGC Research Award to Dr. Manju Jyotsna

in Hindi for the IX Plan period – Reg.

Sir,

With reference to your letter, No. ______ dated ______ on the above subject, I am directed to say that on the recommendation of the Experts Committee, the University Grants Commission has selected the above candidate for the UGC Research Award for the IX plan period to work at your University/Institute/College for a period of three years on the project entitled 'Samajshastriye Aalok Main Bhartiya Sandharbh Aur Bible Ka Hindi Anuvad'.

The details of the scheme are given in the enclosed guidelines.

During the period of this award, the Commission will pay grants to meet the salary and allowances as admissible to the awardee and he/she will continue to earn his/her increments and retain his/her seniority as per University/Institute/College Rules. Besides, the Commission will provide each awardee a research grant to meet the expenditure on Books & Journals, Chemical, equipment etc. upto a maximum of Rs.1.5 lakh for Humanities, Social Sciences and Rs. 3.00 lakh for Science and Engineering & Technology. The Awardee is supposed to utilise this grant strictly as per the guidelines governing the scheme. He/She will be governed by the general service conditions and leave rules etc. as applicable to other staff members of the University/Institute/College.

The Awardee may be facilitated to take up the award as early as possible but within a period of 3 months. The date from which the awardee would be able to join this award may be communicated to the Commission. The amount of an 'on account' grant of Rs. 2,50,000/- (Rs. two lakh fifty thousand only) released shall be utilised from the date of joining this award.

Contd.......2/-

अशोक कुमार डोगरा
Ashok K. Dogra
संयुक्त सचिव
Joint Secretary

Speed post

दूरभाष PHONE : कार्यालय OFF : 23238849
घर RES : 27012097
फैक्स FAX : 23232569

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
बहादुर शाह ज़फर मार्ग
नई दिल्ली-110 002

UNIVERSITY GRANTS COMMISSION
BAHADUR SHAH ZAFAR MARG
NEW DELHI-110 002
E-mail : akdogra@ugc.ac.in

October, 2007

D.O. No.F.6-6/2003(SA-II)

Dear Prof. Jyotsna,

This has reference to your proposal submitted for award of Emeritus Fellowship. I am pleased to inform you that based on the recommendations of the Expert Committee, the University Grants Commission has agreed to offer you Emeritus Fellowship in the subject **Hindi.** For your ready reference may please note that this Fellowship carries an honorarium of Rs. 20,000/- per month (fixed). In addition, a contingency grant of Rs. 50,000/- per annum will be provided. The Fellowship would be available from the date of joining upto the age of 70 years or upto two years (non-extendable) of the award, whichever is earlier. A hard copy of the guidelines of the scheme is enclosed.

You are also requested to submit a certificate to the effect that you are not holding any other post of profit or gainfully employed anywhere at the time of joining this award, and will not hold any remunerative post or otherwise during your tenure of Emeritus Fellowship of the University Grants Commission.

I shall be grateful if you could kindly accept the fellowship and convey your acceptance at an early date but in any case not later than one month from the date of issue of this letter. The Commission would appreciate an early response alongwith a certificate from the University/Institution which will be providing requisite facilities for your research work during the period of this fellowship. The joining report (Annexure-II of the guidelines) may also please be sent through the University/Institution from where you would like to do your proposed research work, so as to enable us, to release the first installment of the admissible grant.

With regards,

Yours sincerely,

(A.K. DOGRA)

Encl.: As above

Dr. (Mrs.) Manju Jyotsna
1 B , Akshay Bhawan,
Radha Govind Street, Tharpakhna
Ranchi- 834 001

Copy to:
1. The Principal, St. Xavier's College, Ranchi (Jharkhand)
2. MRP Section, UGC, New Delhi
3. The Head, Deptt. of Hindi, St. Xavier's College, Ranchi (Jharkhand)

(A.K. DOGRA)

By Speed Post

सं• No. 405/SSC-CR/90

भारत सरकार

Government of India

कर्मचारी चयन आयोग

STAFF SELECTION COMMISSION

मध्य क्षेत्र Central Region

तार : चयनायोग
GRAM : STASELCOM
दूरभाष : 55924, 55913
PHONE : 55924, 55913

8, बेली रोड, इलाहाबाद-211002
8, Beli Road, Allahabad-211002

दिनांक
Dated 4.4.1991

To

Dr. Manju Jyotsna,
10-A P.N. Bose Compound
Lalpur-Ranchi. - 834001

Subject: Holding of Interview for the post of Inspector in C.B.I. regarding.

Sir,

The Commission will hold interview for the post of Inspectors of C.B.I. at Patna & Ranchi as per the following programme.

SL.NO.	PLACE OF INTERVIEW	DATE OF INTERVIEW	VENUE
1.	Ranchi	11th&12th April, 1991 (2 days)	O/O Supdt. of Police Special Police Establishment, C.B.I. 30, N-2 Booty Road, Ranchi-834008.
2.	Patna	15th & 16 th April, 1991 (2 days)	O/O Supdt. of Police CBI Dr. S.K. Singh Marg, Opposite Sr. P Officers Mess, Beli Road, Patna-800601

The Interview will commence at 11.00 A.M. on each day. I shall be grateful if you kindly spare some of your valuable time and act as Member of the Board on 11th & 12th April, 1991 at Ranchi 15th & 16th April, 1991 at Patna.

The Commission would pay a sum of Rs. 120/- for each sit of the Board as honorarium.

A line in confirmation or otherwise would highly be appreciated.

Yours faithfully,

(K.N. GUPTA)
ASSISTANT DIRECTOR

Telegram : TRIBES
Phone {Off. : 21160
Res. : 20560

बिहार सरकार
कल्याण विभाग
बिहार जनजातीय कल्याण शोध संस्थान
Bihar Tribal Welfare Research Institute
Morabadi Road
RANCHI-834008

Ref. No. 32 *Ranchi, Dated* 11 फरवरी 1988

प्रमाण - पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ, (श्रीमती) मंजु ज्योत्स्ना हंस, रीडर स्नातकोत्तर हिन्दी -विभाग रांची विश्वविद्यालय रांची, प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, मोरहाबादी (जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी, रांची) में 1970 से अंशकालीन व्याख्याता के रूप में अपना योगदान दे रही है तथा सम्प्रति कार्यरत हैं। इनका कार्य नियमित संतोषप्रद और उत्साहवर्द्धक रहा है।

ये अपने उत्तरदायित्व के प्रति सजग हैं।

ह० 11.2.87

(स्वर्णलता प्रसाद)
निदेशक।

साहित्य अकादेमी
रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली 110 001
तार : साहित्यकार ; दूरभाष : 38 66 26
टेलेक्स : 31/65445 सैंड इन

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi 110 001
gram : Sahityakar ; Phone : 38 66 26
Telex : 31/65445 SAND IN

Professor Mohan Lal
Chief Editor
Encyclopaedia of Indian Literature

ACKNOWLEDGEMENT

SA.EIL/56 /3661 Dated: 13 December 1990

Dear ~~Sir/Madam~~, Dr Jyotsna

This is just to thank you for the following entry/~~entries~~ so kindly written by you for the Hindi section of the ENCYCLOPAEDIA OF INDIAN LITERATURE:

Ramacharitmanas

With kind regards,

Yours sincerely,

(Mohan Lal)

Dr. Manju Jyotsna
Member
Bihar State University Service Commission
Srikrishnapuri
Patna

nr.

AYAK

कल्याण

sioner,

WELFARE

बिहार सरकार

राँची-८३४००१

Government of Bihar

RANCHI-834001

<u>TO WHOM IT MAY CONCERN</u>

This is to certify that Dr. MANJU JYOTSNA HANS, READER IN HINDI, RANCHI UNIVERSITY, RANCHI is a member of Governing Body, Pre-Examination Training Centre, Ranchi from the year 1982.

Nayak 12/2/88

(CHINTU NAYAK)

Tribal Welf... ...missioner

Welfare Department

Govt of Bihar, Ranchi

बिहार सरकार
कल्याण विभाग
बिहार जनजातीय कल्याण शोध संस्थान
राँची- 8

पत्रांक॰ ३५ / राँची, दिनांक २२ फरवरी १९८८

प्रमाण - पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ॰ (श्रीमती) मंजु ज्योत्स्ना हंस, रीडर स्नातकोत्तर हिन्दी -विभाग राँची विश्वविद्यालय राँची, प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, मोरहाबादी (जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोरहाबादी, राँची) में 1970 से अंशकालीन व्याख्याता के रूप में अपना योगदान दे रही है तथा सम्प्रति कार्यरत हैं। इनका कार्य नियमित, संतोषप्रद और उत्साहवर्द्धक रहा है।

वे अपने उत्तरदायित्व के प्रति सजग हैं।

S. Sinha 11.3.87

(स्वर्णलता प्रसाद)
निदेशक।

AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX

Autonomous College

NAAC★★★★(4Star)

AROX

ST. XAVIER'S COLLEGE RANCHI ALUMNI/AE ASSOCIATION

AROX Office, St. Xavier's College Premises, Purulia Road, Ranchi - 834 001
Phone : (91-0651) 2214301

Life Member

This is to certify that

Dr. Manju Jyotsna

is our life member

(Prem Mittal)
Gen. Secretary

(Fr. Dr. Nicholas Tete, s.j.)
President

AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX AROX

CHAUDHARY DEVI LAL UNIVERSITY, SIRSA

Minutes of the 6th Meeting of the Executive Council Held on 05-11-2004 at 11.30 a.m. in the Office of the Vice-Chancellor, Chaudhary Devi Lal University, Sirsa.

PRESENT:

1. Shri Sunil Ahuja, IAS — Chairman
   Vice-Chancellor
   Chaudhary Devi Lal University
   Sirsa

2. Shri M. L. Tayal, IAS
   Financial Commissioner & Principal Secretary
   Govt. of Haryana, Education Department
   Chandigarh

3. Dr. D. V. S. Verma
   Nominee of the Financial Commissioner &
   Principal Secretary, Govt. of Haryana
   Technical Education Department, Chandigarh

4. Dr (Smt) Manju Jayotsana
   Professor & Chairperson, Department of Hindi
   Ranchi University, Ranchi

5. Dr. R. K. Behl
   # 1022, Sector-15B, Chandigarh

6. Shri Subhash Sharma
   Principal, D. N. College, Hisar

7. Dr. (Mrs) Renu Mangla
   Principal, Hindu Kanya Mahavidyalya
   Jind

8. Dr. Baldev Singh Mehra
   Reader, Deptt. of Sanskrit
   M. D. University, Rohtak

9. Dr. Manoj Dayal
   Professor, Deptt. of Mass Communication
   CDLU, Sirsa

10. Dr. M. C. Garg
    Reader, Deptt. of Commerce
    CDLU, Sirsa

11. Shri Dilbag Singh
    Lecturer, Deptt. of Computer Sc. & Engg.
    CDLU, Sirsa

12. Prof. Ajay K. Rajan, Registrar — Secretary
    Chaudhary Devi Lal University, Sirsa

Members of the Executive Council

शब्द
इसकी गूंज सर्वत्र व्याप्त है

CERTIFICATE - 2010

काथलिक हिन्दी साहित्य समिति, इलाहाबाद

Hindi Literature Commission of Catholic Bishops of India

प्रमाण पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री-सुश्री ......डा. मंजु ज्योत्स्ना......

ने काथलिक हिन्दी साहित्य समिति, इलाहाबाद के तत्वावधान में 1 से 3 नवम्बर 2010 तक, सेवा केन्द्र, कुर्जी, पटना, बिहार में आयोजित युवा पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर में पूर्ण उत्साह के साथ सहभागिता की।

इस प्रशिक्षण शिविर में संचार, प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रानिक्स मीडिया, रिपोर्टिंग कला, संपादक के नाम पत्र, अनुवाद कार्य, लघु कथा लेखन, पत्रकारिता की भाषा, समाचार पत्रों का महत्व, फीचर, भेंटवार्ता, विविध प्रकार की रिपोटिंग, संवाददाता, संपादक, उप संपादक, रेडियो एवं टेलीविजन पत्रकारिता, पत्रकारों की आचार संहिता, विज्ञापन एवं कॉर्टून, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी, इंटरनेट, मीडिया मेनेजमेन्ट, कलीसिया से सम्बन्धित साहित्य सृजन एवं मसीही मूल्यों पर आधारित स्वतंत्र साहित्य सृजन जैसे विषयों का सिद्धान्त - अवलोकन तथा व्यवहारिक कार्यशालाओं द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

साहित्य सृजन द्वारा हिन्दी एवं मसीही साहित्य के उन्नयन में आपके योगदान की हम आपसे अपेक्षा करते हैं।

"प्रभु ईश्वर आपको आशीर्वाद दें"

महामान्यवर बिशप ईसीडोर फर्नांडिस
अध्यक्ष

फ्रांसिस जोसफ
सहसचिव

इवान तुर्गनेव
विश्व साहित्य के प्रमुख साहित्यकारों में एक हैं।

09 नवंबर, 1818
को उनका जन्म सोवियत रूस में हुआ।

उपन्यास
'रुदिन' उनका काफी चर्चित है।

साहित्य

dainikbhaskar.com
दैनिक भास्कर, रांची, गुरुवार, 7 नवंबर, 2019

कृति
फादर एंड संस को ख्याति मिली।

लोकप्रियता
पहले रूसी, जो यूरोप में खूब पढ़े गए।

1883
में 03 सितंबर को उनका निधन हुआ।

कविताएं

अधूरी देह, पूरी इच्छा

-अनिता रश्मि, रांची

कैसे समझ लिया है तूने
मां नहीं हूं मैं
बस इक अधूरी देह
यही है पहचान मेरी
तुम कितना जानते
कितना जानने की
की कोशिश
हाथ की बेमेल जुंबिश से उभरी
पहचान भर नहीं मैं
पांवों की अबूझ थिरकन
न ही सस्ते गीतों में
ढलती हुई कोई शाम
चांदनी को तरसती इक
काली-अंधेरी रात
तुमने मुझे, हमें बना डाला
अछूत दूसरे जगत का प्राणी
मैं नहीं किसी और ग्रह का जीव
तुम्हारे आंगन में उतर आती
आशीषों की झोली में सूप भर
पुष्पों की सुगंध थामे हुए
अनजाने नृत्य की भाव-भंगिमाओं
संग
चंद खनखनाते सिक्के मात्र
मेरा प्राप्य नहीं
गोद में लेकर जिस
नवजात बच्चे को दुलराती
आशीर्वाद अक्षत से नहलाती
कहीं ना कहीं मेरी इच्छाओं में भी
करवट लेता रहता है
वह मासूम पेटजाया बन
हां! सत्य है
मैं ना नर पुरुष और
ना ही नारी सुकोमल
अधूरी देह हूं मैं
लेकिन
पूरी इच्छाओं से भरी।

उन्हें पता है

नीरज कुमार महंत, धनबाद

अच्छा लगता है जब भी
...

राजधानी बनने से पहले रांची का साहित्य संसार

आलेख

डॉ. विद्याभूषण, जाने-माने कवि, कथाकार, रांची

मित्रो! मेरी कविता की इन पंक्तियों से चर्चा की शुरुआत हो सकती है। 'इस बड़े होते शहर में/मेरी नन्ही बिटिया के कई सवाल/बड़े हुए हैं, कि वे तमाम कारीगर कहां रहते हैं/ जिन्होंने शहर के सारे हवादार और सुंदर/घर बनाए हैं।' सच यह है कि छायादार पेड़ों के नीचे खड़ा आदमी जड़ों के बारे में सोचने की फुरसत नहीं निकाल पाता। लेकिन जड़ या पीढ़ियों से चली आ रही हमारी परंपरा, आज हम उनके सृजनात्मक वजूद से इनकार नहीं कर सकते।

कभी राधाकृष्ण ने उस दौर को इन शब्दों में याद किया था- 'वह भी युग था जब रांची अपना शहर मालूम होता था। आज के समान यह शहर राजनीतिज्ञों, नेताओं, अध्यक्षों, प्रबंध निदेशकों, इंजीनियरों, अफसरों तथा धनपतियों का नहीं हो पाया था। उस समय रांची का अपना व्यक्तित्व था जहां अपनापन के नमक का स्वाद था और आंखों में परिचय की दीप्ति दिखलाई देती थी।'

बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में इस इलाके में सक्रिय रहे अधिकतर साहित्यकर्मी आज अंधेरे में गुम हो गए लगते हैं। समय की इस धारा में कई कश्तियां नष्ट हो गई हैं, कई नावें लहरों के भंवरजाल में डूब गई हैं, अनेक छोटे स्टीमर लापता हैं, और सिर्फ चंद जहाज किनारे पहुंच कर लंगर ताने खड़े दिखते हैं। यही देख-सुन कर यह ख्याल आता है कि साहित्य के सृजन पथ पर कितने लोग चलते हैं और कितने लोग मंजिल तक पहुंचने से पहले गुमनाम गुजर जाते हैं, इसकी खोजखबर लेने की जहमत उठाने वाले बेशक कम लोग होते हैं। इतिहास की चुनौती यहीं से शुरू होती है कि उसे पुरातत्व के बीहड़ अवशेषों की छानबीन करते हुए सांस्कृतिक परिवहन को नियमित करना होता है। इस अवधि के रचनाकारों के रुझानों, दिशाओं, विलक्षणताओं, उपलब्धियों और कमियों को आंकना भी जरूरी काम है।



इसी दृष्टि से स्थानीयता के रंग और मिट्टी की सुगंध के साथ वनस्पतियों के स्वाद-गुण की तासीर महसूस की जा सकती है। आम तौर पर साहित्य से जुड़ी चर्चाओं के केंद्र में लेखक और उनकी पुस्तक कृतियां ही हावी रहती हैं। लेकिन उनकी अनगिनत अनकही कहानियां गोष्ठियों, पत्रिकाओं और मंचों की भागीदारी में ही उजागर हो पाती हैं। इन तमाम जगहों पर होती रही चर्चाओं-बहसों से ही वह जमीन तैयार होती है जो रचनाकार को उड़ान की मानसिक तैयारी के लिए ऊर्जा और गति देती है। इस पृष्ठभूमि के महत्व का अंदाज लगाना चाहें तो महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की ओर से नीलाभ द्वारा चार खंडों में संपादित 'हिंदी साहित्य का मौखिक इतिहास' का प्रकाशन एक प्रामाणिक दृष्टान्त हो सकता है।

अगर आज की रांची को आजादी बाद के दौर में देखना चाहें तो कई ऐसी शख्सीयतें को याद करना पड़ेगा जो सामयिक चर्चाओं में अब एक सिरे से गायब हैं। जैसे 1950 से 1960 तक रांची कॉलेज के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के अध्यक्ष रहे समालोचक केसरी कुमार, कवि-कथाकार-ज्योतिषविद् भवभूति मिश्र और सच्चिदानंद मिश्र, कवि-कथाकार-पत्रकार और फ्रेंच कहानीकार मोपासां की कहानियों के अनुवादक गोपालदास मुंजाल, 'ईश्वर पैदा हुए' (कहानी संग्रह) और 'सांवला पानी' (उपन्यास) के रचयिता भालचंद्र ओझा, कवि-नाटककार प्रफुल्लचंद्र पट्टनायक, हास्य-व्यंग्य के गल्पकार अल्बर्ट कृष्ण अली उर्फ शिवनंदन प्रसाद सिंह, 'निर्दिशायामी कविता' के प्रस्तावक कवि सत्यदेव राजहंस, बहुमुखी लेखक और दृष्टिकोण तथा स्थापना के संपादक शिवचंद्र शर्मा, कवि-कथाकार राजकमल राय, आदिवासी पत्रिका से जुड़े नाटककार सुशील कुमार, अप्रतिम कवि काशीनाथ पांडेय, समालोचक-संपादक छविनाथ मिश्र, एक्टीविस्ट लेखिका उषा सक्सेना और पुष्पा सक्सेना, कवि-कथाकार रामचंद्र वर्मा, गीतकार रामकृष्ण प्रसाद उन्मन, कथाकार-व्यंग्यकार कृष्णचंद्र चौधरी किट्टू, कथाकार राजमोहन झा, कृष्णकेतु और कालीकिंकर, एक्टीविस्ट लेखका रोज़ केरकेट्टा, कहानीकार एलिस एक्का, नाटककार चतुर्भुज और मोहनचंद्र पंत, कवि-कहानीकार-व्यंग्यकार मंजु ज्योत्स्ना, स्तंभकार-कथाकार हेराल्ड एस. टोपनो, कवयित्री मंजुश्री, गीतकार कन्हैयालाल किंगर, सुदर्शन शर्मा मुकुल और गणेशसिंह विष्णुपुरी, निबंधकार नारायण जहानाबादी, कहानीकार सुरेश, कौशल किशोर प्रसाद सिन्हा, तपेश्वर नाथ और आनंद बिहारी शरण, कवि जगदीश शैलेश, मिथिलेश सारंग, रजाक भारती, कहानीकार मेहरुन्निशा अब्दाली और लघुकथाकार-गजलगो प्रमथनाथ मिश्र। दुखद है कि इतिहासकार पुरुषोत्तम कुमार और शिक्षाविद अमर कुमार सिंह का अदबी सफर आधा-अधूरा रह गया।

1950 से 2000 तक रांची के साहित्य संसार की हलचलों का जायजा लेना हो तो कई गोष्ठी केंद्रों की गतिविधियों को भी याद करना पड़ेगा। जैसे साहित्य लोक, प्रतिमान, तीसरा रविवार, कनवर्सेजियानो, लेखन मंच, केंद्र, दूसरा रविवार, प्रज्ञा, हस्ताक्षर और अभिज्ञान जैसी गोष्ठियों के साथ-साथ प्रगतिशील लेखक संघ, जन संस्कृति मंच और जनवादी लेखक संघ के योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसी तरह दर्जनों अनियतकालीन पत्रिकाओं-संकलनों की कार्यकारी भूमिका से परिचय भी कम जरूरी नहीं है। घरौंदा, आदिवासी, प्रसंग, समर्चना, स्थापना, अभिज्ञान, क्रमशः, वनपाखी, हमारा मन, पुटुस, हंसोड़, हम दोनों, नाट्यावृत्ति, सलीब, अभीक, निर्णय, कोरस, स्वर्णरेखा, देशकाल संपदा, न्यू मैसेज, नया हस्ताक्षर, कांची, अखड़ा जैसी पत्रिकाओं ने अनेक लेखकों को बनने-संवरने का अवकाश दिया। चंद ऐसे प्रकाशन केंद्रों को भी इस प्रसंग से दूर नहीं रखा जा सकता जिन्होंने अनेक नए-पुराने लेखकों को पुस्तकाकार प्रकाशित करने का जोखिम उठाया था। जैसे प्रगति प्रकाशन, अभिज्ञान प्रकाशन, पुस्तक भंडार, सुबोध ग्रंथमाला, प्रतिमान प्रकाशन आदि।

सुनो कहानी

उदय कुमार
केंद्रीय पुलिस बल में अधिकारी

राघव मठ की रौनक देख दंग रह गया। मां काली की प्रतिमा मठ के चबूतरे के ऊपर विराजमान थी। अद्भुत छटा थी, मां काली का पूरा श्यामल बदन, पैरों के नीचे खुद महाकाल विराजमान थे। मां की जिह्वा बाहर निकली हुई थी और आंखें विस्मित होकर सामने देख रही थीं। ऐसा लग रहा था राघव को मानो मां काली उसे देख कर विस्मित हो रही हों...

मेला...

दौड़ते दौड़ते राघव पत्थर से टकराया और बुरी तरह से गिर पड़ा। गिरने से उसके पैर के अंगूठे की ऊपरी परत कट गई और खून बुरी तरह से बहने लगा। उठने की उसने कोशिश की परंतु भीषण पीड़ा के चलते वह उठ नहीं सका। बहते खून को रोकने के लिए उसने आस-पास की नमकीन मिट्टी उठाकर कटे हुए स्थान पर रख दिया। मिट्टी रखते ही राघव को एक अचूक दर्द की अनुभूति हुई। दर्द से राघव को ऐसा लगा कि जैसे उसके आंखों के आगे गहरा अंधेरा छा गया हो। तीन साल के लड़के के लिए इस दर्द को सहना बड़ी बात थी। पिछले साल ही राघव के पिताजी का देहांत हो गया था। पिताजी के बाद राघव की तरफ ध्यान देने वाले गिने-चुने लोग ही रह गए थे। आज गांव के मठ में मां काली की पूजा हो रही थी। मठ के प्रांगण में ही विशाल मेला लगा था। मठ के सामने एक विशाल ...

चलते आत्महत्या कर ली। पिताजी का शरीर बरामदे में रखा गया तो राघव भी बगल में बैठ गया। हर आने-जाने वाले को राघव कहता था कि बाबूजी आज उठ नहीं रहे हैं, बोले थे अपने कंधों पर बिठाकर गांव घुमाऊंगा और काली जी का दर्शन कराऊंगा। पर काल के पहिए ने राघव के पिताजी को समय से पहले महाप्रयाण के लिए मजबूर कर दिया।

उस घटना के बाद यह पहला मेला था गांव में। राघव मठ की रौनक देख दंग रह गया। मां काली की प्रतिमा मठ के चबूतरे के ऊपर विराजमान थी। अद्भुत छटा थी, मां काली का पूरा श्यामल बदन, पैरों के नीचे खुद महाकाल विराजमान थे। मां की जिह्वा बाहर निकली हुई थी और आंखें विस्मित होकर सामने देख रही थी। ऐसा लग रहा था राघव को मानो मां काली उसे देख कर विस्मित हो रही हो। राघव ने देखा कि सारे

लघुकथा

मुझे माफ कर देना...

कल्याणी झा, रांची

मेडिकल की परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही घर में हंगामा हो गया था। नीतू की नई मां उसका मेडिकल में दाखिला करवाना नहीं चाहती थी। दोनों छोटे भाई उसे घर की नौकरानी ही समझते, क्योंकि वो सारा दिन काम करती और समय निकाल कर रसोईघर में ही अपना गृहकार्य कर लेती थी। पिता उसे कुछ नहीं कहते। दो साल की उम्र में ही मां उसे अलविदा कह गई थी। घर वालों के दबाव में पिता ने दूसरी शादी

हाथ में देते हुए कहा- 'जिंदगी ने तुझसे बचपन की मासूमियत और प्यार छीन लिया। पर ये ज्ञान तुझसे कोई नहीं छीन सकता। खूब मन लगाकर पढ़ो।' पिता के कहे शब्दों ने उसकी जिंदगी में एक तरंग पैदा कर दी थी। स्कूल में मेधावी छात्रों को अलग से कोचिंग दी जाती थी। उनमें नीतू भी शामिल थी।

आज पिता ने नई मां की एक नहीं सुनी, और मेडिकल कॉलेज में नीतू का दाखिला करवा दिया। दिन गुजरते रहे।

सामने से आती आवाज नीतू के कानों में पड़ी- 'बेटी मुझे माफ कर देना।' नीतू ने दवाई की पर्ची हाथ में थमाते हुए कहा - 'ये गोली सुबह-शाम खा लीजिएगा। ठीक हो जाएगा।' नीतू उन्हें जाते हुए देखती रही। कल जहां नीतू की जिंदगी थी। आज वहीं पर उसकी नई मां ...

झारखण्ड का हिंदी साहित्य-2002

परिचय

■ डा. बालेंदु शेखर तिवारी

हिंदी व्यंग्य लेखन में सुपरिचित नाम, व्यंग्य समीक्षा और सृजन की सभी शाखाओं में समान गति, 1973-75 में व्यंग्य त्रैमासिक 'अभोक' का संपादन, 1975 में 'हिंदी का स्वातंत्र्योत्तर हास्य और व्यंग्य' पर पीएच.डी., 1983 में 'हिंदी व्यंग्य लेखन का शैली वैज्ञानिक विश्लेषण' डी.लिट. साठ से अधिक शोध प्रबंधों का निर्देशन, कई शासकीय एवं साहित्यिक संस्थाओं से सम्मानित. इनकी कई व्यंग्येतर रचनाएं भी प्रकाशित हुई हैं। वर्तमान में यूनिवर्सिटी प्रोफेसर, हिंदी विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची.

संपर्क : जेशरण लेन, बरियातू, रांची- 834009 (झारखंड)

पतरस बुखारी ने लाहौर का भूगोल समझाते हुए कभी लिखा था कि वहां के लोग अपने मकान ईंट-चूने से बनाते हैं और उन्हें मजबूत करने के लिए उन पर पोस्टर चिपकाते हैं और मकानों में अपनी रोजमर्रा जिन्दगी शेरोशायरी के सहारे बिताते हैं। झारखंड का भी यही हाल है। सब ओर पोस्टरों, नारों और विज्ञापनों का ऐसा साम्राज्य है कि आदमी की तमाम उम्र उन्हें देखने में गुजर सकती है। सौभाग्यवश, यहां की साहित्यप्रिय जनता जुलूस, जाम, बन्द, जातीयता, साम्प्रदायिक सजगता, गुटबाजी और पारस्परिक मारामारी से बचे हुए समय का उपयोग कविता और कहानी रचने में करती है। जब देश के 28वें राज्य के रूप में झारखंड का उदय नहीं हुआ था, तब भी बिहार के मानचित्र पर खनिज पदार्थों, जंगलों, कविताओं और कहानियों का सबसे उर्वर क्षेत्र यही था। आज भी इस इलाके के कवि और कथाकार इतना अधिक लिख-छप रहे हैं कि उनका कुल उत्पादन किसी भी खदान, किसी भी औद्योगिक निकाय के लिए स्पर्द्धा का कारण है। झारखंड का हिंदी साहित्य वर्ष 2002 में भी इतना ही सघन और वैविध्यपूर्ण है। किताबें महंगी हो गयी हैं, पत्रिकाएं सीमित हो गयी हैं, लेकिन कलमकारों का दिल है कि मानता ही नहीं।

रांची से 'कांची' और 'वर्तमान संदर्भ', जमशेदपुर से 'तुलसीप्रभा' और 'साहित्यम्', धनबाद से 'झंकृति' और 'सम्बुद्ध' जैसी पत्रिकाओं का निकलना वर्ष 2002 में झारखंड के रचनाकारों के लिए अंतरिम राहत नहीं है। देश भर की छोटी-बड़ी पत्र-पत्रिकाओं में झारखंड के रचनाकार उपलब्ध हैं अपनी बहुआयामी और प्रभावशाली कलमकारी के साथ। झारखंड में हिंदी सृजन लगातार विकासोन्मुख है और जहां का हिंदी साहित्य संघर्षों तथा विघटनों की अभिव्यक्ति का पर्याय बन गया है, यह बात वर्ष 2002 की रचनात्मक उपहब्धियों से भी प्रमाणित होती है।

बदलते जीवन संदर्भों की कविताएं

झारखंड की हिंदी कविता का मौजूदा दौर जीवन मूल्य और शैली की विविधता से सम्पन्न है। बदलते जीवन संदर्भों के बीच इधर के कवियों, गीतकारों, गजलकारों ने एक विशिष्ट सृष्टि और दृष्टि का विस्तार किया है। परिवर्तित परिदृश्यों के बीच प्रकृति और आस्था, मूल्य और सदाशयता, न्याय व्यवस्था और विघटन को झारखंड के कवियों ने अपनी रचनाओं का आधार बनाया है। निर्मल मिलिंद की गजलों का संकलन 'कागज की खिड़कियां' (पंकज बुक्स, दिल्ली) वक्त की पहचान कराने वाली और जिन्दगी की खुली किताब को और भी खोलने वाली गजलों से सराबोर है। श्रीराम दूबे का गजल संग्रह 'धूप छांव' (सुमित प्रकाशन, पटना) और गीत संकलन 'सोनमछरिया सतरंगी' सुमित प्रकाशन, पटना) भी गत वर्ष की उपलब्धियों में हैं। रघुनाथ प्रसाद की कविताएं 'पतझर बांट लो' (जनसाहित्य प्रकाशन, जमशेदपुर) में एकत्र हैं, तो नागेंद्र नाथ शरण की कविताएं 'बदलते मौसम में' आनंद प्रकाशन, डालटनगंज) में संकलित हैं। इन्हीं संकलनों की श्रृंखला में प्रियंवदा सिन्हा के काव्य संग्रह 'एकाकीपन मेरा' (हिन्द प्रकाशन, दिल्ली) और गंगा प्रसाद अरुण के नवगीतों के संग्रह 'तिरती-सी परछाइयां' (जनसाहित्य प्रकाशन, जमशेदपुर) में उपलब्ध धार और विद्रोह निश्चय ही प्रशंसनीय है। अशोक कुमार का खंडकाव्य 'नशा' (मंडल लेखा कार्यालय, धनबाद) महत्वपूर्ण नहीं है, जबकि विनोद कुमार मिश्र की हास्य व्यंग्य कविताओं का संग्रह 'बत्तीसी' (अनामिका प्रकाशन, देवघर) सम्भावनाएं जगाता है। लेकिन झारखंड की हिंदी कविता का अंतिम चेहरा इन प्रकाशित संकलनों में ही नहीं है। पत्र-पत्रिकाओं में विद्याभूषण, निर्मल मिलिंद, अनीता वर्मा, सिद्धनाथ कुमार, मंजु ज्योत्स्ना, रागिनी भूषण आदि की कविताओं ने यथावसर नव्यता के संकेत दिये हैं। हिंदी कविता का मौजूदा आकाश जिन कवियों की ताजगी और विविधता से अनुप्राणित है, उनके बीच झारखंड के कवियों की अपनी अलग उपस्थिति है।

> झारखंड की साहित्यप्रिय जनता जुलूस, जाम, बन्द, जातीयता, साम्प्रदायिक सजगता, गुटबाजी और पारस्परिक मारामारी से बचे हुए समय का उपयोग कविता और कहानी रचने में करती है। जब देश के 28वें राज्य के रूप में झारखण्ड का उदय नहीं हुआ था, तब भी बिहार के मानचित्र पर खनिज पदार्थों, जंगलों, कविताओं और कहानियों का सबसे उर्वर क्षेत्र यही था। आज भी इस इलाके के कवि और कथाकार इतना अधिक लिख-छप रहे हैं कि उनका कुल उत्पादन किसी भी खदान, किसी भी औद्योगिक निकाय के लिए स्पर्द्धा का कारण है।

उपन्यास और कहानी का विस्तृत फलक

कविता की अपेक्षा कथालेखन की दृष्टि से झारखंड की जमीन अधिक उर्वर है। गुजरे साल में ही कई उपन्यास और कई कहानी-संग्रह आये हैं। श्रवण कुमार गोस्वामी का नया उपन्यास 'हस्तक्षेप' (किताब घर, दिल्ली) नायिका महुआ के बहाने झारखंड के जनजातीय समाज को जानने-समझने का प्रयास है। रंगपुर की इस कथा में शोष और स्वाभिमान के संघर्ष की असीमित सम्भावनाएं थीं। सतीश चंद्र का उपन्यास 'अपना देश' (जनमत प्रकाशन, धनबाद) समकालीन राजनीतिक-सामाजिक गिरावट को उजागर करने वाला उपन्यास है। रमा सिंह के दोनों उपन्यास 'कुतो पंथा:' (सामयिक प्रकाशन, दिल्ली) तथा 'लौट आओ हैरी' (प्रकाशन संस्थान, दिल्ली) में हमारे समय की सच्चाइयां विशिष्ट भंगिमा में अंकित हैं। रतन वर्मा का उपन्यास 'रूक्मिणी' एक नर्स के जीवन संदर्भों को उपस्थित करने वाला प्रभावशाली कथासूत्र है। गुजरे वर्ष में गुरुवचन सिंह का उपन्यास 'मुंदी पलकों के सपने' भी आया, लेकिन वर्ष 2002 में अवधेश शर्मा के व्यंग्य उपन्यास 'मिस्टर अनफिट' (रचनाकार प्रकाशन, पूर्णिया) की उपस्थिति निश्चय ही महत्वपूर्ण है। नवोदित व्यंग्यकार अवधेश शर्मा ने सधे हुए उपन्यासकार के रूप में ऊंची छलांग लगाई है और अपने उपन्यास में कई सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक आचरणों की खबर ली है। अपने व्यंग्य उपन्यास का समापन अवधेश शर्मा ने इस वाक्य से किया है कि साहित्यकारों की सांसें थेथर होती हैं। इसी कारण झारखंड के कथाकारों ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। ऋता शुक्ल, कनकलता, जयनंदन, रतन वर्मा, वासुदेव, सी भास्कर राव, सुरेश, राकेश कुमार सिंह, महुआ माजी, निर्मला पुतुल आदि की कहानियां विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में छपती रही हैं। गुजरे वर्ष में कई कहानी संकलन भी झारखंड की कथा-प्रतिभा को उजागर करने के लिए सामने आये। रतन वर्मा के संग्रह 'नेटुआ' (पुस्तक भवन, दिल्ली) में बदलती हुई कथा-दृष्टि के उदाहरण एकत्र हैं। सुरेश की पच्चीस कहानियां 'सौदा और अन्य कहानियां' (नीरज बुक सेंटर, दिल्ली) में संकलित हैं, जिनमें जीवन के समकालीन मुहावरों की तस्वीरें हैं। विद्याभूषण की नई-पुरानी कई कहानियां 'कोरस वाली गली' (पंकज बुक्स, दिल्ली) में हैं और इस गली की कहानियां हमारे परिपार्श्व की ईमानदार कहानियां हैं। राम कुमार तिवारी के संकलन 'रिजर्व सीट' (लक्ष्मी प्रकाशन, दिल्ली) में जनजातीय जीवन पर केंद्रित बारह प्रभावपूर्ण कहानियां हैं। गत वर्ष डा. रामजी का कथा संग्रह 'अनुगूंज' (आनंद प्रकाशन, डालटनगंज) भी आया, लेकिन किसी लघुकथाकार का कोई संग्रह नहीं छपा। पत्र-पत्रिकाओं में कृष्ण मनु, अमरनाथ चौधरी अब्ज, विजय रंजन, दुखहरण साहु, उमेश्वर दयाल आदि की कई लघुकथाएं नजर आईं। कृष्ण प्रसाद किशु की कई लघु विधाओं का संग्रह 'चलते-चलते बीच सफर में' (किशु प्रकाशन, धनबाद) अवश्य सामने आया। निश्चय ही झारखंड के कथाकारों के वैविध्यपूर्ण संसार से हिंदी के पाठक अपरिचित नहीं हैं। साम्प्रत सत्य की समस्याओं को उनकी सही गति में पहचानने की कोशिश झारखंड के कथाकारों ने की है।

नाटक और अन्य विधाएं

रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, गोड्डा आदि शहरों में लोगों को यदाकदा नाटकों के लिए समय मिल जाता है, इसे इस क्षेत्र की रंग संस्थाएं कभी-कभी अभिप्रमाणित करती हैं। विभिन्न नाटककार भी अपनी सर्जना से इसे परिपुष्ट करते हैं। वर्ष 2002 में बालेंदु शेखर तिवारी की व्यंग्य विनोदी एकांकियों का संग्रह 'फिल्मेरिया तथा अन्य हास्य नाटिकाएं' (साहित्य संगम, इलाहाबाद) प्रकाशित हुआ। निर्मल मिलिंद की किशोरोपयोगी एकांकियों का एकत्रीकरण 'टोपी के नीचे' (संकल्प प्रकाशन, जमशेदपुर) में है। नाटक की अपेक्षा व्यंग्य के लिए इस क्षेत्र की आबोहवा अधिक अनुकूल है। बालेंदु शेखर तिवारी, अशोक प्रियदर्शी, सी भास्कर राव, निर्मल मिलिंद, ललन चतुर्वेदी, मनोहर लाल गोयल, अवधेश शर्मा आदि इस इलाके के सुपरिचित व्यंग्यकारों के नाम हैं। हिंदी गद्य की इतर विधाओं में भी झारखंड के लोग लगातार सक्रिय रहे। जैसे, भारत यायावर ने 'रेणु का जीवन' में फणीश्वर नाथ रेणु के जीवन को रेखांकित करने नाले संस्मरण सम्पादित किये हैं। दिनेश्वर प्रसाद ने 'फादर कामिल बुल्के' (साहित्य अकादमी, दिल्ली) में झारखंड के स्मृति शेष हिंदी सेवी के जीवन और कार्य का प्रामाणिक विवरण दिया है। नागेश्वर सिंह की दो अनुसंधानात्मक पुस्तकें गुजरे वर्ष में प्रकाशित हुईं। 'जनजातीय भाषाएं और ईसाई मिशनरी' (क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी, दिल्ली) तथा 'ईसाई मिशनरियों का नागपुरी साहित्य' (शबनम पुस्तक महल, कटक) में झारखंड की ईसाई मिशनरियों के रचनात्मक अवदान का विशिष्ट पक्ष प्रामाणिकता के साथ उपस्थित किया गया है। आदित्य प्रसाद सिन्हा की पुस्तक 'हो भाषा और साहित्य' भी गत वर्ष ही आयी। मृत्युंजय उपाध्याय की समीक्षा पुस्तकें 'समकालीन हिंदी उपन्यास' (राजेश प्रकाशन, दिल्ली) और 'साहित्य की दिशाएं' (अमर प्रकाशन, मथुरा) भी झारखंड के समीक्षालोक की बानगी उपस्थित करती हैं। बालेंदु शेखर तिवारी के संपादन में 'व्यंग्य चिन्तना और शंकर पुणतांबेकर' (नीरज बुक सेंटर, दिल्ली) भी गत वर्ष की ही समीक्षा कृति है। सुबोध शंकर सहाय ने 'मानस अन्वय' (सहाय नर्सिंग होम, जमशेदपुर) में मानस की अपनी व्याख्या प्रस्तुत की है। वर्ष 2002 में झारखंड के दो रचनाकर्मियों पर पत्रिकाओं के विशिष्ट अंक भी प्रकाशित हुए। सी भास्कर राव की षष्ठिपूर्ति पर 'तुलसीप्रभा' और डोमन साहु समीर पर 'समय सुरभि' के विशेषांक आये।

और अंत में

झारखंड की रचनाशीलता और वैचारिक सक्रियता पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर फैलती रही है। गत वर्ष निर्मला मोहन, प्रियंवदा सिन्हा और रामसेवक विकल का निधन संतापकारी रहा है, लेकिन झारखंड की उपलब्धियों से संतोष भी होता है। इस इलाके के रचनाकार अब हिंदी के राष्ट्रीय मानचित्र पर पहचाने जाते हैं। आने वाले दिनों में यह पहचान अधिक धारदार और अधिक भास्वर होगी, इसमें सन्देह नहीं।

विरोध आसुरी वृत्ति का

'ये रूपाणि प्रतिमुंचमाना असुरा: संत: स्वध्या चरन्ति.....।' यजुर्वेद में इस मंत्र को असुरों से मुक्ति पाने की विधि के रूप में प्रयुक्त माना गया है। अर्थात हे ईश्वर, असुरों को दूर कर दो। यह स्थान, यह लोक तो देवों के लिये है। इस आध्यात्मिक और अधिदेव लोक में देव भाव और दैव मनुष्यों को ही रहना चाहिये, किन्तु यहां असुर लोग आसुरी भाव और आसुरी शक्तियों के साथ यहां आ घुसते हैं। ये असुर अपने मूल स्वरूप में तो यहां आ नहीं सकते, इसलिए अपने अज्ञान, अधर्म और स्वार्थ के असली रूपों को छुपा कर छद्म ज्ञान, धर्म और ऐश्वर्य के रूपों को दिखा कर यहां अपनी जगह बनाते हैं। अपने ...

उच्च सिद्धान्तों कें लपेट कर लोगों के सामने प्रकट करते हैं कि लोग उन्हें देवतातुल्य समझें। इसीलिए असुर होते हुए भी ये यहां की स्वधा को प्राप्त करते हैं। यहां के अन्न से, रस से, स्थूल पार्थिव शक्ति से युक्त होकर ये विचरते हैं, किन्तु अन्दर से ये असुर ही होते हैं। ये यज्ञ को, श्रेष्ठ संगठन को ध्वंस करने वाले होते हैं। अपने स्वार्थों के लिए ही रमने वाले इन्द्रिय भोग-रत होते हैं। अत: ये स्वार्थी लोग सदा अपना पैट भरने को तत्पर होते हैं। अधर्म और अन्याय द्वारा दूसरों को हरते हुए अपने स्वार्थों को पूरा करते हुए भी ऊपर से स्वयं को सच्चा एवं धार्मिक दिखलाते हुए ये असुर इस लोक में प्रच्छन्न असुरों को, जो खुले हुए असुरों की अपेक्षा बहुत भयंकर होते हैं, इस पवित्र लोक से दूर कर दो। अब इन असुरों को यहां से बहिष्कृत कर दो और इस स्थान को, इस समाज को, इस पवित्र संगठन को असुर रहित कर दो।

यजुर्वेद के इस मंत्र को उच्चारित करने की आवश्यकता जितनी आज है, उतनी उस काल में भी शायद ही रही होगी, जब इसकी रचना हुई होगी। आज का हर संवेदनशील एवं जागरूक व्यक्ति इसकी समसामयिकता को आज के परिप्रेक्ष्य में स्वीकार करेगा। आज जो चारों तरफ अराजकता है, धर्म के नाम पर, राजनीति के नाम पर, समाज पर असुरों का ताना-बाना है। उनमें स्वार्थ रहित व्यक्ति या संस्थान तो नगण्य ही हैं या फिर उन पर विश्वास भी नहीं होता। धोखा और छल को सामान्य माना जाने लगा है, जब तो मन कहीं न कहीं स्वयं ही अध्यात्म की जाता है। किसी भी छद्म रूप में या धर्म के नाम पर व्यक्ति व्यक्ति को मारे, यह किसी भी तरह से तर्क संगत नहीं हो सकता है। शहीदों के पर और उनके कल्याणार्थ उपायों के नाम पर बड़े बड़े आर्थिक घोटाले करके भी कोई स्वयं को गरीबों का उद्धारक या मसीहा घोषित करे तो यह कैसी विडम्बना है? पर यह सब कुछ और न जाने क्या क्या? - सब कुछ हो रहा है। हर नये झटके को थोड़ी उथल-पुथल या बेचैनी के साथ हम बर्दाश्त कर लेते हैं।

झारखण्डेशाष्टकम्

झाराणां निचयेऽचलस्य शिखरे श्रीझारखण्डस्थले
योऽयं शम्भुरलो गजै:परिवृत: संराजते नित्यश:।
यस्याभा: प्रथिता: समस्तभुवने सूर्यादिरूपा भृशं
तं दिव्यं प्रणमामि भक्तिसहित: श्रीझारखण्डीं शिवम्।।1 ।।

लताओं एवं वृक्षों से परिपूर्ण झारखण्ड स्थित पर्वत शिखर पर जो शिव अपने गणों के साथ सदा विराजमान रहते हैं, जिनकी सूर्य आदि रूप आभा समस्त भूमण्डल में अत्यधिक विख्यात है, उस झारखण्डी शिव को मैं प्रणाम करता हूं. ।।1 ।।

उच्चस्थे गिरिश्रृंगमध्यलसिते देवालये यो महान्।
ध्याने तिष्ठति भावनापरिवृतो योगान्तलग्नस्सदा।।
भक्ता यं खलु पूजयन्ति मनसा पुष्पादिगन्धाक्षतै-
र्दिव्यं ज्ञानमवाप्नुवन्ति नितरां तं शंकरं नौम्यहम्।।2 ।।

पर्वत शिखरों के बीच सुशोभित ऊंचे देवालय में जो महान भावना समन्वित योग की पराकाष्ठा में संलग्न सदा ध्यान में स्थित हैं तथा भक्तगण मन से पुष्पादि एवं गन्धाक्षतों द्वारा जिनकी पूजा करते हैं एवं दिव्य ज्ञान प्राप्त करते हैं, उस शंकर को प्रणाम है।।2 ।।

भक्तानां मनसि स्थित: पशुपतिर्ज्ञात्वा च तान् चिन्तितान्
स्वप्नांते नितरां ब्रवीति मुदितो धार्यं त्वया धैर्यकम्।।
भक्ता ये निजभक्तिभावसहिता धैर्येण दिव्यं वपु:।
सम्पूज्यात्र भवन्ति दु:खरहितास्तं शंकरं नौम्यहम्।।3 ।।

भक्तों के मन में स्थित शिव उन्हें चिन्तित जान कर उनके स्वप्न के अंत में प्रसन्न होकर कहते हैं कि तुझे धैर्य धारण करना चाहिए। जो भक्त अपने भक्तिभाव से युक्त हो धैर्यपूर्वक उनके दिव्य शरीर की पूजा करते हैं और दु:ख से रहित हो जाते हैं, उस शिव को मैं प्रणाम करता हूं।।3 ।।

गत्वा देवगृहेऽपि तत्र विदितो यो झारखण्डी शिव:।
पार्वत्या सह नित्यमत्रकुरुते लोकस्य संपालनम्।।
नन्दी द्वारमुखे त्रिशूलसलित: सेवारतोयस्य वै।
तं दिव्यं ननु झारखण्डहसितं श्री शंकरं नौम्यहम्।।4 ।।

जो विख्यात झारखण्डी शिव देवघर में जाकर भी पार्वती के साथ नित्य लोक का पालन-पोषण करते हैं, द्वार मुख पर त्रिशूल सहित नंदी भी जिनकी सेवा में निरत रहता है, उस दिव्य झारखंड में सुशोभित शंकर को मैं प्रणाम करता हूं।।4 ।।

लोका यं शिवमर्चयन्ति पयसा श्रृंगस्थितैर्नीरिभि:
वन्यं पुष्पफलं समर्प्य मुदिता मन्त्रादिभि: सर्वथा।
भक्त्या यो मुदितो ददाति विभवं तेभ्यो वरंचोत्तमं
तं खण्डान्तकरं नमामि सततं श्रीझारखंडीं शिवम्।।5 ।।

लोग वन्य पुष्प एवं फल समर्पित कर जिस शिव को श्रृंग स्थित जल, दूध एवं मंत्रों द्वारा पूजा करते हैं तथा जो शिव भक्ति से प्रसन्न हो, उन्हें उत्तम वर प्रदान करते हैं, उस खंडान्तर (भेद को दूर करनेवाले) झारखंडी शिव को मैं निरन्तर प्रणाम करता हूं।।5 ।।

मालां ये दधति स्वकीयहृदये रुद्राक्षसन्निर्मितां
धृत्वा वाऽथ करे जपन्ति सविधे नूनं शिवायों नम:।
ज्योतिर्लिंगमयो ददाति मुदितो यो झारखण्डस्थित-
स्तेभ्यो दिव्यसुखं नमामि सततं तं झारखण्डीं शिवम्।।6 ।।

जो रुद्राक्ष से निर्मित माला को अपने हृदय में धारण करते हैं अथवा हाथ में उसे धारण कर ऊँ नम: शिवाय उनके समक्ष जपते हैं, उन्हें झारखंड स्थित ज्योतिर्लिंगमय प्रमुदित शिव दिव्य सुख प्रदान करते हैं, उस झारखंडी शिव को मैं निरंतर प्रणाम करता हूं।।6 ।।

दीनो यस्य कृपामवाप्य सततं वित्तेश्वरो जायते
मूको भाषणसंरतोऽथ वधिराश्रृण्वन्ति धर्मं वच:।
मूर्खा ज्ञानमवाप्नुवन्ति नितरां भीतो भयान्मुच्यते
तं दिव्यं प्रणमामि भक्ति सहित: श्रीझारखण्डीं शिवम्।।7 ।।

जिसकी कृपा को प्राप्त कर गरीब भी निरन्तर धनवान बन जाता है, मूक (गूंगा) भी भाषण में निरत हो जाता है, बहरा भी धर्म वाणी सुनने लगता है, मूर्ख ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं तथा भयभीत भय से मुक्त हो जाता है, उस दिव्य झारखंडी शिव को भक्तिपूर्वक मैं प्रणाम करता हूं।।7 ।।

रामाशीष विनिर्मितं सुखकरं श्रीझारखण्डीशजं
देवेशस्य विभावभाववलितं नूनं शिवस्याष्टकम्।
ये भक्त्या मनसा पठन्ति नितरां तेषां ध्रुवं वर्धते
विद्या बुद्धिरनन्तकीर्तिरतुलं भव्यं यशो भूतले।।8 ।।

रामाशीष पाण्डेय द्वारा निर्मित झारखंडीश से सम्बद्ध, देवेश के विभाव एवं भाव से युक्त, सुखकर, निश्चय ही शिव के अष्टक को भक्तिपूर्वक मन से जो पढ़ते हैं, उनकी विद्या, बुद्धि, अनन्त कीर्ति एवं भव्य यश भूतल में निश्चय ही वृद्धि को प्राप्त करते हैं।।8 ।।

■ डॉ. रामाशीष पाण्डेय

संगोष्ठी कार्यक्रम

स्थान : सैनेट हाल
तिथि : 26 मार्च, 2011
समय : 10 बजे से 11.15 बजे

विश्वविद्यालययी स्तुति वन्दन
अतिथियों का स्वागत
विषय–प्रवर्तन
मुख्य अतिथि का व्याख्यान
अध्यक्षीय वक्तव्य
धन्यवाद ज्ञापन

प्रथम सत्र
समय 11.30 से 1.30 तक

अध्यक्ष : डॉ. बलदेव वंशी (दिल्ली)
विशिष्ट अतिथि : डॉ. ओम प्रकाश वाल्मीकि (देहरादून)

इस सत्र में दलित विमर्श से सम्बन्धित पत्र पढ़े जाएंगे

द्वितीय सत्र
समय 2. 30 से 5.00 तक

अध्यक्ष : डॉ. लाल चन्द गुप्त 'मंगल' (कुरुक्षेत्र)
विशिष्ट अतिथि : डॉ. मंजु ज्योत्सना (रांची)

इस सत्र में स्त्री–विमर्श से सम्बन्धित पत्र पढ़े जाएंगे

तीसरा सत्र
27 मार्च 2011
समय 9.30 से 12.00 तक

अध्यक्ष : डॉ. चितरंजन मिश्र (गोरखपुर)
विशिष्ट अतिथि : डॉ. सुधा जितेन्द्र (अमृतसर)

इस सत्र में सांस्कृतिक विमर्श से सम्बद्ध पत्र पढ़े जाएंगे।

चौथा सत्र

अध्यक्ष : डॉ. रामसजन पाण्डेय (रोहतक)
विशिष्ट अतिथि : डॉ. हुकुमचन्द राजपाल (पटियाला)

इस सत्र में विविध विमर्शों से सम्बद्ध पत्र पढ़े जाएंगे।

हिन्दी विभाग, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

समकालीन हिन्दी साहित्य के चर्चित विमर्श

विषय पर

26–27 मार्च 2011

को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में

मुख्य अतिथि : श्रीमती राजी सेठ
वरिष्ठ हिन्दी कथा लेखिका
सत्र अध्यक्ष : डॉ. जसपाल सिंह
उप–कुलपति, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला
विषय प्रवर्तक : डॉ. हरमहेन्द्र सिंह बेदी
पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष हिन्दी विभाग, गु. वि. अमृतसर
धन्यवाद ज्ञापन : डॉ. इन्द्रमोहन सिंह
डीन, भाषा संकाय (पं. वि. पटियाला)

अपनी उपस्थिति द्वारा कार्यक्रम को शोभान्वित करेंगे।

इस अवसर पर आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थित है।

डॉ. रवि कुमार 'अनु'
संगोष्ठी संयोजक

डॉ. सुखविन्दर कौर बाठ
अध्यक्ष, हिन्दी विभाग

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी पीछे देखें।

संगोष्ठी कार्यक्रम

स्थान : सैनेट हाल
तिथि : 17 मार्च 2015
समय : 9.30 से 11.15 तक

विश्वविद्यालययी वन्दना
अतिथियों का स्वागत
विषय प्रवर्त्तन
मुख्य अतिथियों का व्याख्यान
अध्यक्षीय वक्तव्य
धन्यवाद ज्ञापन

पहला सत्र : समय 11.30 से 1.30 तक (17-3-2015)

मुख्य अतिथि — डॉ. सुधा जितेन्द्र
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, जी.एन.डी. विश्वविद्यालय, अमृतसर

अध्यक्ष — डॉ. महेन्द्रपाल शर्मा
प्रोफेसर, जा. मि. इ. विश्वविद्यालय, दिल्ली

दूसरा सत्र : समय 2.30 से 5.00 तक (17-3-2015)

मुख्य अतिथि — डॉ. रामसजन पाण्डेय
प्रोफेसर, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक

अध्यक्ष — डॉ. चमनलाल गुप्त
आचार्य, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला

तीसरा सत्र : समय 10.00 से 11.30 तक (18-3-2015)

मुख्य अतिथि — डॉ. मंजु ज्योत्स्ना
आचार्य, रांची विश्वविद्यालय, रांची

अध्यक्ष — डॉ. हरमहेन्द्र सिंह बेदी
आचार्य, जी.एन.डी. विश्वविद्यालय, अमृतसर

चौथा सत्र : समय 12.00 से 2.00 तक (18-3-2015)

मुख्य अतिथि — डॉ. हुकुम चन्द राजपाल
आचार्य, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

अध्यक्ष — डॉ. लालचंद गुप्त मंगल
आचार्य, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

PUNJABI UNIVERSITY PATIALA

हिन्दी विभाग
पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला द्वारा
17-18 मार्च 2015 को
केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा के सहयोग से
'हिन्दी भाषा और साहित्य का अन्तर्विद्यावर्ती अनुशीलन'
विषय पर
दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है
आप संगोष्ठी में सादर आमन्त्रित हैं।
संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को

मुख्य अतिथि : डॉ. मोहन
निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा

विशिष्ट अतिथि : डॉ. मंजु ज्योत्स्ना
आचार्य, रांची विश्वविद्यालय, रांची

सत्र अध्यक्ष : डॉ. जसपाल सिंह
उप-कुलपति, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला।

विषय प्रवर्त्तक : डॉ. चमनलाल गुप्त
आचार्य, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला

धन्यवाद ज्ञापन : डॉ. सतीश कुमार वर्मा
डीन भाषा संकाय, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला

अपनी उपस्थिति द्वारा शोभान्वित करेंगे।
स्थान : सैनेट हाल

डॉ. रवि कुमार 'अनु'
अध्यक्ष हिन्दी विभाग

डॉ. नीतू कौशल
संगोष्ठी संयोजक

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी पीछे देखें।

IDENTITY CARD

AUTHORS GUILD OF INDIA

Name Dr. Manju Jyotsana

Membership No. (1243)

Type (Life Member

Address 1 B, Akshay Bhawan R. G Str. Tharpakhna, Ranchi

Signature

Date of Issue : Life

Valid Upto :

Sign. of Secretary General

AUTHORS GUILD OF INDIA

F-12, Jangpura Extension, New Delhi-110014 Ph. : 4315063

Please Note :

- This is an identification of being a creative writer.
- This card is not transferable.
- In the event of loss please inform to Head Office immediately.

विशाखा हिन्दी परिषद
VISAKHA HINDI PARISHAD
విశాఖ హిందీ పరిషత్

विशाखपट्टणम्-17. आ.प्र. Visakhapatnam - 17 A.P.

निमंत्रण INVITATION

दक्षिण भारत के सेवा निवृत्त हिन्दी आचार्यों का सम्मान समारोह

FELICITATIONS FUNCTION OF THE RETIRED HINDI PROFESSORS OF SOUTH INDIA

16.12.2006 at 5.30 PM

स्थान : डॉ.बी.आर.अम्बेदकर असेम्ब्ली हॉल, आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखपट्टणम

VENUE : Dr. B.R. Ambedkar Assembly Hall, Andhra University, Visakhapatnam

दक्षिण भारत के सम्मानित होनेवाले हिन्दी आचार्य

Retired Professors who are going to be felicitated

- प्रो.वै. वेंकट रमण राव , हैदराबाद. वि.वि.
  Prof. Y.Venkata Ramana Rao, Hyd. Uni.
- प्रो. इकबाल अहमद, केलिकट वि.वि
  Prof. Iqbal Ahmed, Calicut Uni.
- प्रो. टी.मोहन सिंह, उस्मानिया वि.वि
  Prof. T.Mohan Singh, Osmania Uni, Hyd
- प्रो.डी.दस्तगिरि, श्री वेंकटेश्वर वि.वि.
  Prof. D.Dastagiri, S.V.Uni, Tirupati
- प्रो. टी.प्रभा शंकर, बैंगलूर वि.वि
  Prof. T.Prabha Shankar, Bangalore Uni
- प्रो. एम.वेंकटेश्वर, उस्मानिया वि.वि.
  Prof. M.Venkateswar, Osmania Uni, Hyd
- प्रो. अहमद हुसैन अण्णामलै वि.वि
  Prof. Ahmed Hussain, Annamalai Uni.
- प्रो. एस.शेषारत्नम, आ.वि.वि.
  Prof.S.Sesharatnam, Andhra Uni
- प्रो. के.लीलवती, आंध्र विश्वविद्यालय Prof. K.Leelavati, Andhra University

इस अवसर पर सम्मानित हिन्दी के अन्य आचार्य तथा विशिष्ट व्यक्ति

Other Professors and dignatories honoured on this occassion

- Prof. B.Satyanarayana, OsmaniaUni. Hyd
- Prof . Lakshmi Narayan Sarma, Punjab Uni.
- Prof.Manju Jyotsna, Ranchi Uni.
- Prof.Lakshman singh 'Bisth', Kumaun Uni.
- Prof. Sudhakar singh, B.H.U
- Prof. L.Venugopal Reddy, V.C. A.U.
- Prof.M.Gopaia Krishna Reddy, Former V.C.
- Dr.Ratnakar Pandey, Former M.P.
- Prof. Y.Lakshmi Prasad, A.P. Hindi Academy
- Dr.Umar Alisha, Pithapuram

विशिष्ट हिन्दी लेखक के रूप में विशाखा हिन्दी परिषद द्वारा सम्मानित व्यक्ति को श्री विश्व विज्ञान विद्याध्यात्मिक पीठम, पिठापुरम की ओर से स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा ।

A GOLD MEDAL IS AWARDED TO THE BEST WRITER IN HINDI BY VISAKHA HINDI PARISHAD ON BEHALF OF SRI VISHWA VIGNANA, VIDYADHYATMIKA PEETHAM, PITHAPURAM

सभी आमंत्रित हैं ALL ARE INVITED

अध्यक्ष तथा सदस्य, विशाखा हिन्दी परिषद

President and Members, Visakha Hindi Parishad

Phone : 316507

VEDANTA RESEARCH CENTRE

(Uma Kutir, 57 Circular Road, Ranchi-834001)

Ref. No. 2/A/98 Date 18.1.1998

Executive Committee :

Dr. Siddhartha Mukherji (President)

Dr. Bireshwar Ganguly (Secretary cum Director)

Dr. R. S. Srivastava (Vice President No. I)

Dr. P. B. Vidyarthi (Vice President No. II)

Dr. O. P. Saran (Joint Secretary)

Sri R. P. Singh Deo (Treasurer)

Sri Rajiv Kumar I.A.S. (Member)

Sri L. L. Srivastava (Member)

Dr. (Miss) Ratana Banerji (Member cum Dy. Director I/C, Mahila Shakha)

To,

Dr Manju Jyotsna, MA, PhD
Professor of Hindi
Ranchi University,
Ranchi.

Dear sir,

I have the honour to inform you that the second Anniversary of the Vedanta Research Centre, Ranchi, will be held in the month of April, 1998. The exact date, time and venue will be intimated to you in due course of time.

We shall hole a conference under the auspices on "Religion and Universal Brotherhood" (सर्व धर्म मैत्री सभा -), you are accordingly requested to give your consent for participating in the conference and for contributing a short paper(English or Hindi) not exceeding five foolscap pages in(double space), at your earliest convenience on the topic mentioned below:

"Christianity And Universal Brotherhood".

With regards,

Yours sincerely,

R S Srivastava

(Dr. R. S. Srivastava)
Ex-professor of
Philosophy. R.U. Ranchi

विचार दास,
संयुक्त निदेशक

टेलीफोन: 4362151

अ० स० पत्र सं० : 52-1/98-9
D.O. No. :
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो
CENTRAL TRANSLATION BUREAU
राजभाषा विभाग : गृह मंत्रालय
DEPTT. OF OFFICIAL LANGUAGE,
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
पर्यावरण भवन, बी ब्लॉक, 8वाँ तल,
Paryavaran Bhawan, B- Block, 8th Floor,
सी० जी० ओ० काम्पलैक्स, नई दिल्ली -110003
C. G. O. Complex, New Delhi-110003.

सत्यमेव जयते

दिनांक : 20 अक्तूबर, 1998
Date:

आदरणीय डा० ज्योत्स्ना,

केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो अनुवाद कार्य के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के अनुवाद प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन भी करता है। इसी क्रम में एक 21 दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 12 अक्तूबर, 98 से 12 नवम्बर, 98 तक राँची में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए हम अतिथि वक्ताओं को भी आमंत्रित करते हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि 2 और 3 नवम्बर, 98 के पूर्वाह्न 10.00 बजे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाउण्डरी एण्ड फोर्ज टेक्नोलोजी, हटिया, राँची (बिहार) में पधार कर (1) अनुवाद के सामान्य सिद्धान्त और (2) साहित्यिक अनुवाद की समस्याएं विषयों पर व्याख्यान देने की कृपा करें।

सादर,

आपका,

(विचार दास)

डा० मंजु ज्योत्स्ना,
प्रोफेसर हिन्दी विभाग,
10-ए, पी०एन० बोस कंपाउंड,
लालपुर, राँची-834001 (बिहार)

CAMBRIDGE INSTITUTE OF TECHNOLOGY

TATISILWAI, RANCHI - 835103
JHARKHAND

This is to certify that Prof./Dr./ ....

..Manju Jyotsna..

participated actively at the All Jharkhand Seminar on "झारखण्ड में शिक्षा : दशा एवं दिशा", organised jointly by the Human Resource Development Department of the Government of Jharkhand and the Cambridge Institute of Technology, Tatisilwai, on the 18th and 19th of August, 2003.

~~He~~ / She presented a paper entitled

Higher Education & Research in Jharkhand State

Dr. Bahadur Singh
Seminar Co-ordinator
and
Chairman,
Cambridge Institute of Technology

71ST SESSION OF
THE INDIAN SCIENCE CONGRESS
RANCHI UNIVERSITY, RANCHI.
3-8 January, 1984

ये थिरकते पग—आदिवासी-संस्कृति की एक झलक

मंजु ज्योत्सना
स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग, राँची विश्वविद्यालय

कहीं पर्वत, कहीं नाले, शाल और पलाश के पुष्पों से सजी घाटियाँ, पर्वत की गोद से धरती को चूमने को झरते निर्झर। जंगल के बीच बसा चार-छः झोपड़ियों का गाँव, ताम्रवर्णी काया का परिचय देते युवक, चौंक-चौंक जानेवाली हिरणियों-सी युवतियाँ, संघर्ष का इतिहास कहतीं वृद्धाओं के चेहरे की झुर्रियाँ, स्वच्छन्द, चिन्तामुक्त लेकिन खेत-खलिहान के अनुभव बटोरते बालक, दूर से आती विरहिनी मुरली की पुकार, दिवस की श्रान्ति और अंधकार की वीरानगी को चुनौती देते ढोलक और मांदर (मृदंग) के स्वर और रात-रात भर मस्ती में थिरकते पग—इसी का नाम है छोटानागपुर।

बिहार के दक्षिणी-भाग पलामू, हजारीबाग, राँची, धनबाद, सिंहभूम, गुमला और संथालपरगना के आदिवासी बहुल क्षेत्र को छोटानागपुर की संज्ञा मिली है। इसमें भी औद्योगिक क्षेत्रों राँची एवं जमशेदपुर में इनकी आबादी अधिक है। उदयोग-धंधों एवं सरकारी दफ्तरों की स्थापना के कारण भारत के अन्य प्रदेशों से भी लोग यहाँ बस गए हैं परिणामतः एक दूसरे की संस्कृति का बड़ी उदारता से ग्रहण दोनों पक्षों में स्पष्ट दीख पड़ता है। फिर भी छोटानागपुर अपने प्राकृतिक सौन्दर्य, खनिज सम्पदा और आदिवासियों की विशिष्ट संस्कृति की भूमि होने के कारण बिहार ही नहीं, अपितु भारत के मानचित्र का आकर्षण है।

इस उपत्यका के आंचल को कोयल, कारो और स्वर्ण रेखा सिंचित करती हैं। शाल वृक्ष के जंगलों की नक्काशी और पर्वत शिखरों के टांके इसके सौन्दर्य में विविधता लाते हैं। इसके तल में खनिज सम्पदा का अपार भंडार है लेकिन यहाँ के मूल निवासी इस धन से बेखबर हैं। जो कुछ उपलब्ध है उससे सन्तुष्ट। 'कुछ और' की न चाह, न प्रयास।

यहाँ की कृषि पूर्णतः वर्षा पर आश्रित है। धरती भींग गई तो खुशी से सराबोर हो गए, पर बादल यूँ ही गरजकर विदा हो गए, तो भी कोई शिकायत नहीं। शिकायत करें भी तो किससे? सिंचाई की सुविधाओं से वंचित सूखी धरती कागजी आंकड़ों की असत्यता की गवाही देती दीख पड़ेगी।

उरांव, मुंडा, हो, खड़िया, संथाल एवम् उनकी उपजातियां यहाँ निवास करती हैं। बनजारे की तरह भ्रमणशील बिरहोर का जीवन भी प्रकृति की गोद में विचरते ही बीत जाता है। हरेक जाति की अपनी भाषा, अपने रीति-रिवाज, अपनी परम्पराएं और मान्यताएं होते हुए भी सबमें मूलभूत, एकता के दर्शन होते हैं। इनकी भाषाएं इस क्षेत्र में बसनेवाले लोग भी बोलने लगे हैं लेकिन सभी जातियों के बीच नागपुरिया और अब शिक्षा के प्रभाव से हिन्दी ही सम्पर्क-भाषा है। इनकी अपनी भाषा में प्रर्याप्त लिखित-अलिखित साहित्य, लोक कथाएं तथा गीतों की स्मृद्धि इनके सांस्कृतिक गौरव का वह परिचय प्रस्तुत करती है जिसने भारतीय ही नहीं विदेशी विद्वानों का भी ध्यान आकर्षित किया है।

ईश्वर प्रदत्त वन्य सम्पदा ही इनके जीवन का आधार है। मात्र जलावन के लिए ही नहीं जीवन की अन्य आवश्यकताओं के लिए भी ये वन से प्राप्त फल, पुष्प, शाखा एवम् पत्तियों आदि पर निर्भर रहते हैं। सुरक्षा हेतु इनके हथियार तक वन्य वस्तुओं से ही निर्मित होते हैं। लाह-पालन, अन्य लघु उद्योगों के लिए या पशुचारण आदि के लिए वन ही उपयुक्त क्षेत्र होता है। इनकी कुशलता ही प्रकृति से प्राप्त वस्तुओं को रूप और आकार देती है। अतः इनका जीवन प्रकृति के अनुकूल बीतता है। प्रकृति के साथ इसी निकट-सम्पर्क के कारण इनका जीवन-दर्शन अन्य क्षेत्रों से भिन्न है और इनका व्यक्तित्व विशिष्ट। शाल के वृक्षों की तरह आत्म-सम्मान से सर उठाए, चाटुकारिता से अछूते, वन्य-निर्झर-सा स्वच्छन्द आत्म-सुख की लय में बहता इनका जीवन, चट्टानी दृढ़ता, दुख सहन की अपार धैर्यशीलता का पठारी चरित्र लिए प्रकृति से संबंध स्थापित कर लेता है।

प्रकृति इनकी पूर्वज सहचरी, माँ-सब कुछ है। वन इनके संरक्षक देवता हैं। प्रकृति के पुजारी इन भूमिपुत्रों के पर्व-